भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 964

28 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष उत्पादों की वैश्विक मांग

964. श्री के. आर. एन. राजेश कुमार:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आयुष उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक मांग में वृद्धि हुई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): भारतीय पारंपरिक चिकित्सा मंच (एमआईटीएम), विकासशील देशों के लिए अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली (आरआईएस), से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, भारत के आयुष संबंधी उत्पादों के निर्यात में पिछले वर्षों में बढ़त का रुझान देखा गया है। कुल निर्यात वित्तीय वर्ष 2020-21 के 869.81 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,251.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, जिसमें 7.54 प्रतिशत की सीएजीआर दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान कुल निर्यात में लगभग 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो आयुष उत्पादों की वैश्विक मांग को दर्शाती है। वर्ष 2020–21 से 2025–26 तक भारत आयुष निर्यातों का उत्पाद-वार रूझान **संलग्नक** पर दिया गया है।

*****

संलग्नक

भारत का आयुष उत्पाद निर्यात (मिलियन यूएस डॉलर में)						
श्रेणी	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
औषधीय एवं सुगंधित पौधे (एमएपी)	335.07	380.02	393.05	482.61	529.07	456.34
अर्क	368.89	438.49	425.24	441.46	551.67	593.06
आयुष फार्मा	165.85	193.64	200.83	185.34	186.86	201.85
कुल	869.81	1012.15	1019.12	1109.41	1267.6	1251.25

स्रोत: 23 जुलाई 2026 को प्राप्त वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएण्डएस) के आंकड़ों के आधार पर आरआईएस द्वारा संकलित।